**विधान परिषद् के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित**
**श्री हंसराज विश्वकर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा**
**पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-17 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 17 (क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में निराश्रित/परित्यक्त महिलाओं के लिए कौन-कौन सी योजनायें महिला कल्याण विभाग के अधीन चल रही है? | जी हॉ।<br>1- महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में निराश्रित महिलाओं (विधवा महिलाओं) के लिए पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत लाभार्थियों को रू0 1,000/- प्रतिमाह प्रदान किये जाते हैं।<br>2- निराश्रित महिला पेंशन पा रही महिलाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु सहायता अनुदान योजना संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत लाभार्थी को रू0 10,000/- की धनराशि प्रदान की जाती है।<br>3- निराश्रित महिला से पुर्नविवाह करने पर दम्पति पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत लाभार्थी को रू0 11,000/- की धनराशि प्रदान की जाती है।<br>4- परित्यक्त महिलाओं के लिए कोई भी योजना विभाग द्वारा संचालित नहीं है। |
| (ख) भविष्य में परित्यक्त महिलाओं को और अधिक सुविधायें और सरकारी सहायता पहुंचाने की क्या कोई कार्य योजना बनायेंगे? | प्रश्नगत बिन्दु नीतिगत है। प्रदेश सरकार द्वारा यथासमय परित्यक्त महिलाओं को सुविधायें और सरकारी सहायता हेतु अपने उपलब्ध संसाधनों के आधार पर यथासमय विचार करेगी। |
| (ग) यदि हॉ, तो उसका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |

बेबी रानी मौर्य
मंत्री।